**रिक्ति अधिसूचना संख्या सीएसएल/का. व.प्रशा./भर्ती/सीकेएसआरयू स्था./कार्यपालक/2022/1**
**दिनांक 19 फरवरी 2022**

कोचीन शिपयार्ड लिमिटेड, भारत सरकार की एक सूचीबद्ध प्रीमियर मिनी रत्न कंपनी, **सीएसएल कोलकाता पोत मरम्मत यूनिट (सीकेएसआरयू), कोलकाता के लिए** कार्यपालक के निम्नलिखित पदों को भरने हेतु योग्यता अपेक्षाओं को पूरा करने वाले भारतीय नागरिकों से आवेदन आमंत्रित करती है:-

**क. पदों का नाम, आयु, शैक्षिक योग्यता, अनुभव और कार्य अपेक्षाएं:**

**तालिका - 1**

| क्र. सं. | पद का नाम, ग्रेड और वेतनमान | शैक्षिक योग्यता , अनुभव व कार्य अपेक्षाएं | आयु |
|---|---|---|---|
| 1. | उप प्रबंधक (मा.सं. व औ.सं.)<br>ई-2 ग्रेड,<br>₹ 50000-160000 | **शैक्षिक योग्यता:**<br>किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से न्यूनतम 60% अंकों के साथ निम्नलिखित में से किसी भी क्षेत्र में दो वर्षीय स्नातकोत्तर उपाधि या समकक्ष उपाधि या समकक्ष डिप्लोमा या स्नातकोत्तर उपाधि :-<br>• मानव संसाधन में विशेषज्ञता के साथ व्यापार प्रशासन में स्नातकोत्तर उपाधि या मानव संसाधन में विशेषज्ञता के साथ समकक्ष उपाधि या मानव संसाधन में विशेषज्ञता के साथ समकक्ष डिप्लोमा या<br>• कार्मिक प्रबंधन या श्रम कल्याण और औद्योगिक संबंधों में विशेषज्ञता के साथ सामाजिक कार्य में स्नातकोत्तर उपाधि या<br>• कार्मिक प्रबंधन में स्नातकोत्तर उपाधि ।<br><br>**अनुभव:**<br>**अनिवार्य:**<br>क) योग्यता प्राप्त के बाद निम्नलिखित में मानव संसाधन में न्यूनतम 7 वर्ष का प्रबंधकीय अनुभव ।<br>• सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम या<br>• इंजीनियरिंग कंपनी या<br>• सरकारी/ अर्ध सरकारी कंपनी/ संस्थान<br>ख) प्रशासनिक कार्यों, आधुनिक मानव संसाधन अनुप्रयोगों और कार्यों के साथ अच्छी तरह से अनुभवी और परिचित होना चाहिए।<br>ग) श्रम कानून में कार्य ज्ञान/ अनुभव।<br>घ) पश्चिम बंगाल राज्य नियमों में जानकारी। | 35 साल से अधिक न हो। |

| क्र. सं. | पद का नाम, ग्रेड और वेतनमान | शैक्षिक योग्यता , अनुभव व कार्य अपेक्षाएं | आयु |
|---|---|---|---|
| | | ङ) नियमित संवर्ग में सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों/ सरकारी/ स्वायत्त निकायों में कार्यरत उम्मीदवारों के मामले में, एक वर्ष का अनुभव तत्काल न्यूनतम वेतनमान या समकक्ष में होना चाहिए।<br>टिप्पणी :- उपरोक्त ख से ग के मामले में, मूल्यांकन, चयन प्रक्रिया के दौरान प्रदर्शित ज्ञान और कौशल पर आधारित होगा।<br>**वांछनीय:**<br>क) ईआरपी/ एसएपी/ कंप्यूटरीकृत वातावरण में काम करने का अनुभव।<br>ख) उम्मीदवार को अच्छा संपर्क कौशल और हिंदी / बंगाली में काम करने का ज्ञान होना चाहिए।<br>**कार्य अपेक्षाएं:**<br>अल्प सूचना में यात्रा करने केलिए तैयार होना चाहिए, समय सीमा के भीतर निर्धारित लक्ष्यों में काम करने की जिम्मेदारी लेने केलिए तैयार होना चाहिए आदि। विविध सरकारी / सांविधिक एजेंसियों के साथ संपर्क करने होगा। सीएसएल प्रबंधन द्वारा निदेश दिए अनुसार सभी कर्तव्यों को पूरा करने केलिए अधिकारी उत्तरदायी होगा। | |

**ख. महत्वपूर्ण तिथियां:**

आवेदन की शुरुआत : 23 फरवरी 2022
आवेदन की अंतिम तिथि : 16 मार्च 2022

**ग. रिक्तियों और आरक्षणों की संख्या:**

**तालिका - 2**

| पद का नाम | अनारक्षित | कुल |
|---|---|---|
| उप प्रबंधक (मा.सं. व औ.सं.) | 1 | 1 |

(i) अपनी आवश्यकता के अनुसार रिक्तियों की संख्या बढाने/घटाने या रिक्ति को न भरने या भर्ती प्रक्रिया को रद्द करने का अधिकार सीएसएल पर निर्भर है ।

(ii) पद दिव्यांग आवेदकों के लिए पहचाना गया है जो निम्नानुसार हैं:

**तालिका 3**

| वर्ग | बेंचमार्क दिव्यांगजता |
|---|---|
| श्रेणी (क) | अंधापन और कम दृष्टि; |
| श्रेणी (ख) | बहरा और सुनने में मुश्किल; |
| श्रेणी (ग) | सेरेब्रल पाल्सी, उपचारित कुष्ठ रोग, बौनापन, एसिड आक्रमण पीडितों और मस्कुलर डिस्ट्रॉफी सहित गतिशील दिव्यांगजता |
| श्रेणी (ङ) | एकाधिक अक्षमता |

## घ. वेतनमान, लाभ व तैनाती स्थान:

(i) ग्रेड व वेतनमान:

**तालिका 4**

| ग्रेड | वेतनमान |
|---|---|
| ई 2 | ₹ 50000-3%-160000 |

(ii) तिथि के अनुसार मासिक परिलब्धियां:-

**तालिका 5**

| क्र.सं. | वेतन प्रकार | राशि (₹ में) |
|---|---|---|
| 1 | मूल वेतन | ₹ 50,000.00 |
| 2 | महंगाई भत्ता ( वर्तमान में 29.4%) | ₹ 14,700.00 |
| 3 | मकान किराया भत्ता ( वर्तमान में कोलकाता में 24%) | ₹ 12,000.00 |
| 4 | अनुलब्धियां और भत्ता (35%) | ₹ 17,500.00 |
| **कुल** | | ₹ 94,200.00 |

(iii) पद केलिए नई पेंशन योजना के तहत अन्य लाभ, अंशदायी भविष्य निधि, दुर्घटना बीमा कवरेज, अंशदायी चिकित्या बीमा पॉलिसी के तहत चिकित्सा खर्चों की प्रतिपूर्ति, छुट्टी नकदीकरण, कार्य-निष्पादन संबंधी भुगतान आदि जैसा स्वीकार्य हो, लागू होगा।

(iv) <u>तैनाती सीएसएल कोलकाता पोत मरम्मत यूनिट (सीकेएसआरयू)/ सीएसएल द्वारा वांछित किसी भी अन्य सीएसएल इकाइयों/ परियोजना स्थलों पर होगी ।</u> हालांकि, परियोजना की आवश्यकताओं के आधार पर, उम्मीदवार को सीएसएल की विभिन्न इकाइयों में स्थानांतरित किया जा सकता है ।

(v) चयनित उम्मीदवार को न्यूनतम वेतनमान में रखा जाएगा और वेतन सुरक्षा पर विचार नहीं किया जाएगा।

**ङ. आयुः**

(i) **पद केलिए निर्धारित उच्चतम आयु सीमा दिनांक 16 मार्च 2022** होगी**,** यानी आवदेकों का जन्म दिनांक 16 मार्च 1987 को या उसके बाद होना चाहिए ।

(ii) बैंचमार्क दिव्यांगजन (पीडब्ल्यूबीडी) केलिए अधिकतम आयु सीमा में 5 वर्ष और भूतपूर्व सैनिकों केलिए आयु में 10 वर्ष की छूट होगी। फिर भी, किसी भी मामले में, आयु में सभी छूट लागू लगाने के बाद आयु सीमा 45 वर्ष से अधिक न हो।

**च. चयन की विधिः**

(i) वैयक्तिक साक्षात्कार सीएसएल में आयोजित किया जाएगा या कोविड-19 महामारी के मद्देनज़र इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के माध्यम से साक्षात्कार होगा।

(ii) चयन की विधि में पवर पाइंट प्रस्तुतीकरण, समूह चर्चा और वैयक्तिक साक्षात्कार शामिल होगा। जिन उम्मीदवारों को पदों के लिए अस्थायी रूप से सूचीबद्ध किया गया है, उन्हें अपने कार्य अनुभव (अवधि दस मिनट से ज्यादा न हो) को स्पष्ट करनेवाले पावर पाइंट प्रस्तुतीकरण करने की आवश्यकता होगी। कार्य अनुभव का मूल्यांकन उम्मीदवारों द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों और कार्य अनुभव पर पावर पाइंट प्रस्तुतीकरण के आधार पर चयन समिति द्वारा किया जाएगा। पावर पाइंट प्रस्तुतीकरण के आधार पर उम्मीदवारों को समूह चर्चा और वैयक्तिक साक्षात्कार के लिए आगे सूचीबद्ध किया जाएगा। उम्मीदवार जो निर्धारित कार्य अनुभव और कार्य आवश्यकताओं को पूरा करते हैं, केवल उन्हें समूह चर्चा और वैयक्तिक साक्षात्कार में भाग लेने की अनुमति दी जाएगी। अंतिम चयन हेतु निम्नलिखित मापदंडों के आधार पर अंक को लघुसूचीगत उम्मीदवारों को सौंपा जाएगा।

| | | |
|---|---|---|
| क) संगत कार्य/ क्षेत्र में कार्य अनुभव | : | 40% अंक |
| ख) कार्य अनुभव पर पावर पॉइन्ट प्रस्तुतीकरण | : | 30% अंक |
| ग) ग्रूप चर्चा | : | 10% अंक |
| घ) वैयक्तिक साक्षात्कार | : | 20% अंक |

(iii) सीएसएल पद केलिए आवेदनों की जांच करने और जमा किए गए प्रमाणपत्रों क माध्यम से निर्धारित पात्रता आवश्यकताओं को पूरा करने के आधार पर उम्मीदवारों की लघुसूची तैयार करने का अधिकार रखता है और केवल ऐसे लघुसूचीगत किए गए उम्मीदवारों को चयन प्रक्रिया में भाग लेने की अनुमति दी जाएगी।

**छ. <u>शर्तें:</u>**

**क. <u>आरक्षण :</u>**

(i) आरक्षण पर भारत सरकार के निदेश लागू होंगे।

(ii) बैंचमार्क दिव्यांग व्यक्तियों के मामले में, दिव्यांगजता की डिग्री न्यूनतम 40% होनी चाहिए। आवेदक को इसके लिए दिव्यांग व्यक्तियों के अधिकार नियम,के अनुसार सक्षम प्राधिकारी 2017 द्वारा जारी किया गया एक*<u>वैध दिव्यांगजता प्रमाणपत्र</u>* निर्धारित प्रपत्र में प्रस्तुत करना चाहिए ।

**ख. <u>योग्यता:</u>**

(i) पदों के लिए निर्धारित न्यूनतम योग्यता एआईसीटीई या राज्यकेंद्र सरकार में उपयुक्त वैधानिक / प्राधिकरण से द्वारामान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय या परीक्षा बोर्ड से होनी चाहिए।

(ii) किसी भी निर्धारित योग्यता के समकक्ष योग्यता रखने वाले आवेदकों को सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी समकक्षता प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा और ऐसे प्रमाणपत्र के बिना उनकी उम्मीदवारी पर विचार नहीं किया जाएगा।

(iii) आवेदकों को पदों के लिए जमा किए गए ऑनलाइन आवेदन में अर्हक परीक्षा में उनके द्वारा प्राप्त अंकों का सटीक प्रतिशत भरना आवश्यक है। कुछ विश्वविद्यालय /संस्थान /परीक्षा बोर्ड श्रेणी या अंकों का प्रतिशत नहीं देते हैं और समग्र ग्रेड अंक आबंटित करते है (जैसे, सीजीपीए/ओजीपीए/सीपीआई, आदि) । यदि विश्वविद्यालय/संस्थान/परीक्षा बोर्ड कुल ग्रेड अंक को श्रेणी और /या अंकों के प्रतिशत में बदलने का मानदंड निर्धारित करते है, तो उसे स्वीकार किया जाएगा। हालांकि, जहां विश्वविद्यालय /संस्थान/परीक्षा कुल ग्रेड अंक को श्रेणी और/या अंकों के प्रतिशत में बदलने के मानदंड को निर्धारित नहीं करता है, वहां अपेक्षित प्रतिशत अंक प्राप्त करने के लिए कुल ग्रेड अंकों को 10 से गुणा किया जा सकता है।

**ग. <u>अनुभव</u>**

(i) **उपरोक्त मद क के अनुसार निर्धारित योग्यता उत्तीर्ण करने की तिथि के बाद प्राप्त अनुभव पर ही विचार किया जाएगा। योग्यता के बाद के अनुभव की अवधि की गणना दिनांक 16 मार्च 2022 से की जाएगी।**

(ii) किसी भी संगठन में प्रशिक्षण अवधि को कार्य अनुभव के रूप में नहीं गिना जाएगा, जिसमें कार्यपालक प्रशिक्षिण, प्रबंधन प्रशिक्षण, प्रशिक्षु प्रशिक्षण, उच्च प्रशिक्षण या कोई अन्य प्रशिक्षण की अवधि शामिल है।

(iii) **कंपनी अधिनियम 1956 के अधीन पंजीकृत कंपनियों और समकक्ष स्तर की विदेशी कंपनियों से प्राप्त अनुभव प्रमाणपत्र ही केवल लघुसूचीयन और चयन केलिए विचार किया जाएगा।**

(iv) आवेदक जो हाल ही में किसी कंपनी (निजी/सार्वजनिक क्षेत्र/सरकारी) में कार्यरत हैं, वे अनुभव प्रमाणपत्र के अभाव में, कंपनी द्वारा जारी **नियुक्ति/प्रस्ताव पत्र की प्रति, नवीनतम वेतन पर्ची/आखिरी वेतन की प्रति और वर्तमान वित्तीय वर्ष के दौरान सीटीसी प्रमाणपत्र / पिछले वित्तीय वर्ष के आईटी प्रपत्र – 16 आदि** अनुभव के प्रमाण के रूप में प्रस्तुत कर सकते हैं। **पिछले रोज़गार के लिए कार्यभार ग्रहण करने के साथ-साथ कार्यमुक्ति की तिथि का उल्लेख करते हुए अनुभव प्रमाणपत्र प्रस्तुत किया जाना चाहिए।** <u>उम्मीदवारों को अपने ऑनलाइन आवेदन में जमा किए गए अनुभव को स्थापित करने केलिए भी सभी प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना चाहिए, ऐसा न होने पर, उनकी उम्मीदवारी रद्द कर दी जाएगी और उन्हें आगे के चयन केलिए विचार नहीं किया जाएगा।</u>

(v) नियमित सरकारी सेवा या सरकारी स्वामित्ववाले औद्योगिक या अन्य समान संगठनों के उम्मीदवारों को आवेदन सीधे प्रस्तुत करना चाहिए। हालांकि ऐसे उम्मीदवारों को एक घोषणा पत्र **(अनुलग्नक- II के अनुसार)** प्रस्तुत करना है कि उन्होंने अपने नियोक्ता को लिखित रूप में सूचित किया है कि वे सीएसएल द्वारा अधिसूचित पदों केलिए आवेदन कर रहे है। यदि नियोक्ता से कोई भी आपत्ति प्राप्त होती है तो, ऐसे आवेदकों की उम्मीदवारी पर विचार नहीं किया जाएगा।

(vi) आवेदक जो भूतपूर्व सैनिक हैं, उन्हें **सशस्त्र बलों से सेवामुक्ति प्रमाणपत्र/बुक/पेंशन भुगतान आदेश** प्रस्तुत करना होगा। जिन भूतपूर्व सैनिकों की योग्यता उनके सेवामुक्ति प्रमाणपत्र/बुक में पृष्ठांकित है, उन्हें सशस्त्र बलों में संबंधित शाखा में कार्य करने का अनुभव होना चाहिए। योग्यता की समतुल्यता का दावा करने वाले भूतपूर्व सैनिकों को प्रमाणपत्र सत्यापन के दौरान अनुभव के प्रमाण के रूप में प्राधिकारियों से (भारत सरकार द्वारा जारी आदेश देखें) सेवामुक्ति प्रमाणपत्र में

समतुल्यता या समर्थन का प्रमाणपत्र प्रस्तुत करना चाहिए, सशस्त्र बलों में उचित शाखा में योग्यता और कार्य अनुभव का प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना चाहिए। उन्हें संबंधित प्राधिकारियों से अनुभव प्रमाणपत्र प्रस्तुत करना चाहिए, ऐसा न करने पर उनकी उम्मीदवारी पर विचार नहीं किया जाएगा।

(vii) उन भूतपूर्व सैनिकों को, भूपूर्व सैनिक के रूप में उन्हें दिए गए लाभ उठाने के बाद गैर सैनिक पक्ष पर किसी भी सरकारी नौकरी में पुन: रोजगार के उद्देश्य केलिए उनकी भूतपूर्व सैनिक स्थिति को डीओपीटी का.ज्ञा.सं. 36034/27/84-स्था (एससीटी) दिनांक 02.05.1985, 36034/6/90-स्था. (एससीटी) दिनांक 10.10.1994 और 36034/1/2014-स्था (एससीटी) दिनांक 14.08.2014 द्वारा नियंत्रित किया जाएगा। **सभी भूतपूर्व सैनिक इस बात केलिए ऑनलाइन आवेदन के साथ एक वचन पत्र प्रस्तुत करेंगे, कि वे पूर्व सैनिकों केलिए लाभ उठाने के बाद सरकार में फिर से नियोजित नहीं किए गए हैं।**

(viii) आवेदकों को किए कार्यों और कर्तव्यों की प्रकृति, संबंधित कार्यों में संभाले गए दायित्वों को स्पष्ट रूप से निर्दिष्ट करना चाहिए, साथ ही अधिसूचित पद केलिए उनके आवेदन प्रस्तुत करते समय इसके प्रमाण में अनुभव प्रमाणपत्र को प्रस्तुति के समय संलग्न करना चाहिए।

**घ) आवेदन शुल्क:**

**शून्य**

**ङ) आवेदन कैसे करें**

(i) आवेदकों को आवेदन पत्र (अनुलग्नक I) को हाल ही में चिपकाए गए पासपोर्ट आकार के फोटो के साथ भरना चाहिए और हस्ताक्षरित आवेदन पत्र की स्कैन की गई प्रतियों को सहायक दस्तावेज़ों के साथ ईमेल आईडी career@cochinshipyard.in पर भेजें और इसकी एक प्रति ईमेल आईडी career.consultants@cochinshipyard.in पर मेल करना चाहिए।

(ii) **आवेदन पत्र के साथ जमा किए जाने वाले दस्तावेज़ों की जांच सूची इस प्रकार है :-**

(क) आधार कार्ड की स्कैन की गई कॉपी
(ख) आयु साबित करने हेतु प्रासंगिक प्रमाणपत्र (जन्म प्रमाणपत्र/ एसएसएलसी या एसएससी/ पासपोर्ट)
(ग) सभी योग्यता उपाधि प्रमाणपत्र
(घ) समेकित अंक सूची/ सभी सेमेस्टर अंक सूची
(ङ) अनुभव प्रमाणपत्र

(च) दिव्यागंजता प्रमाणपत्र (यदि लागू हो)
(छ) जाति प्रमाणपत्र ( यदि लागू हो)

(iii) **आवेदकों को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि आवेदन पत्र की स्कैन की गई प्रतिलिपि (फोटो के साथ हस्ताक्षरित) और आयु, शैक्षिक योग्यता, अनुभव, जाति, दिव्यांगजता आदि के प्रमाण के सभी प्रमाणपत्रों ईमेल के माध्यम से भेजा जाना चाहिए, यदि असफल हो जाए तो, उनकी उम्मीदवारी पर विचार नहीं किया जाएगा और रद्द की जाएगी।**

(iv) विज्ञापन अधिसूचना के अनुसार सभी मामलों में आवेदन प्रपत्र पूर्ण होना चाहिए। आवेदक यह सुनिश्चित करें कि सभी प्रविष्टियाँ सही रूप में भरा गया है और आवेदन सफल रूप से प्रस्तुत किया गया है। किसी भी भाग में बेकार विवरणों को प्रस्तुत करना आपका आवेदन अस्वीकार करने का कारण बन सकता है। जो आवेदन अधूरे हैं, निर्धारित प्रारूप में नहीं है, पढने योग्य नहीं है, आवश्यक संलग्नकों के बिना है, तो बिना कोई कारण बताए उसे तुरंत ही अस्वीकार किया जाएगा और इस संबंध में किसी भी पत्राचार पर विचार नहीं किया जाएगा ।

(v) ईमेल career@cochinshipyard.in और career.consultants@cochinshipyard.in के माध्यम से आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि **16 मार्च 2022 को 2359 बजे (भा.म.स.)** तक है। सीधे या अन्य किसी माध्यम से प्रस्तुत किया गया आवेदन स्वीकार नहीं किया जाएगा।

(vi) आवेदकों को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि सीएसएल में उनका आवेदन संबंधी पावती ईमेल career@cochinshipyard.in या career.consultants@cochinshipyard.in के माध्यम से और टेलीफोन (**0484 2501221**) के माध्यम से प्राप्त हुआ है ।

**च) सामान्य**

(i) **आवेदकों को सलाह दी जाती है कि वे आवेदन जमा करने से पहले यह सुनिश्चित कर लें कि वे पद के लिए रिक्त अधिसूचना के अनुसार पात्रता आवश्यकताओं को पूरा कर रहे हैं।**

(ii) भूतपूर्व सैनिक की परिभाषा - भूतपूर्व सैनिक वह व्यक्ति है

क. जिसने भारतीय संघ की नियमित सेना, नौसेना और वायु सेना में किसी भी रैंक में योद्धा या गैर-योद्धा के रूप में सेवा की है, और

(i) जो या तो अपने अनुरोध पर या नियोक्ता द्वारा अपनी पेंशन अर्जित करने के पश्चात सेवानिवृत्ति या कार्यमुक्त या ऐसी सेवा से मुक्त किया गया है; या

(ii) जिसे सैन्य सेवा या उसके नियंत्रण से बाहर की परिस्थितियों के कारण चिकित्सा आधार पर ऐसी सेवा से मुक्त किया गया हो और चिकित्सा या अन्य दिव्यांगजता पेंशन से सम्मानित किया गया हो; या

(iii) स्थापना में कमी के परिणामस्वरूप ऐसी सेवा से जिसे मुक्त किया गया है।

ख. जो इस तरह की सेवा से अनुबंध की विशिष्ट अवधि को पूरा करने के पश्चात, अपने स्वयं के अनुरोध के अलावा, या बर्खास्तगी, या कदाचार या अक्षमता के कारण निर्वहन के ज़रिए मुक्त किया गया हो, और एक उपदान दी गई है; और प्रादेशिक सेना के कार्मिक, अर्थात निरंतर सन्निहित सेवा या अर्हक सेवा के टूटी कुई अवधि के लिए पेंशन धारक इसमें शामिल हैं; या

ग. सेना डाक सेवा के कार्मिक जो नियमित सेना के हिस्सा हैं और सेना डाक सेवा से पेंशन के साथ अपनी मूल सेवा में प्रत्यावर्तन के बिना सेवानिवृत्त हुए हैं, या सेना डाक सेवा से चिकित्सा आधार पर जारी किए गए हैं या सैन्य सेवा या उनके नियंत्रण से बाहर की परिस्थितियों से परे और चिकित्सा या अन्य दिव्यांगजता पेंशन से सम्मानित; या

घ. कार्मिक, जो अप्रैल 14, से पहले छह महीने से अधिक समय तक सेना डाक सेवा में 1987 प्रतिनियुक्ति पर थे; या

ङ. प्रादेशिक सेना के कर्मियों सहित सशस्त्र बलों के वीरता पुरस्कार विजेता; या

च. चिकित्सा आधार पर कार्यमुक्त किए गए या निकाले गए पूर्व भर्ती और जिन्हें चिकित्सा- विकलांगता पेंशन प्रदान किया जा रहा हो।

(iii) सीएसएल को उम्मीदवारों से शैक्षिक योग्यिता/अनुभव/अन्य अधिसूचित योग्यता अपेक्षाएं के समर्थन में किसी अतिरिक्त दस्तावेज़ी विवरण मांगने का अधिकार है**,** जैसा कि उनके आवेदन में दर्शाया गया है**,** और ऐसे प्रश्नों की सूचना/उत्तर केवल ई-मेल career@cochinshipyard.in. के ज़रिए ही होना चाहिए। हालांकि, सीएसएल, निर्धारित तिथि और समय के भीतर ऐसे ई-मेलों की किसी देरी/गैर-प्राप्ति केलिए उत्तरदायी नहीं होगा । निर्धारित तिथि और समय के बाद प्राप्त ऐसे प्रश्नों के उत्तर पर विचार नहीं किया जाएगा, और इस सिलसिले में कोई पत्राचार प्रोत्साहित नहीं किया जाएगा ।

(iv) **लघुसूचीगत किए गए उम्मीदवारों के मूल प्रमाणपत्रों को कार्यभार ग्रहण करते समय या सीएसएल की ओर से किसी अन्य चरण में फिर से सत्यापित किया जाएगा।** आयु, योग्यता, अनुभव, जाति, दिव्यांगजता, चिकित्सा स्वस्थता आदि के प्रमाण में मूल प्रमाणपत्रों का सत्यापन और अधिसूचित पात्रता आवश्यकताओं को पूरा करने पर उम्मीदवारी पूर्ण रूप से अस्थायी है। प्रमाणपत्र सत्यापन/शामिल होने के समय यदि उपरोक्त सूचीबद्ध उम्मीदवार पात्रता आवश्यकताओं को पूरा

नहीं करते हैं या मूल रूप में प्रमाणपत्र प्रस्तुत करने में विफल रहते हैं या यदि किसी भी स्तर पर यह पाया जाता है कि उम्मीदवार द्वारा दी गई कोई जानकारी झूठी/गलत है या किसी भी उचित जानकारी को छिपाया जा रहा है, तो उम्मीदवार के चयन पर विचार नहीं किया जाएगा और बिना किसी सूचना के उम्मीदवारी रद्द/अस्वीकार कर दी जाएगी।

(v) चयन में भाग लेने हेतु उम्मीदवारों को कोई यात्रा भत्ता/ महंगाई भत्ते का भुगतान नहीं किया जाएगा ।

(vi) **अपात्रता के मामले में आवेदन की अस्वीकृति के संबंध में किसी भी पत्राचार पर विचार नहीं किया जाएगा।**

(vii) **लघुसूचीगत किए गए उम्मीदवारों को डाक द्वारा बुलावा पत्र नहीं भेजा जाएगा।** उन्हें बुलावा पत्र डाउनलोड करने केलिए ई मेल/ सीएसएल वेबसाइट www.cochinshipyard.in के माध्यम से सूचित किया जाएगा। चयन प्रक्रिया की अनुसूची ईमेल / सीएसएल वेबसाइट (कैरियर पृष्ठ) के माध्यम से लघुसूचीगत उम्मीदवारों को सूचित की जाएगी। उम्मीदवारों से अनुरोध है कि चयन प्रक्रिया से संबंधित अद्यतन केलिए उपरोक्त वेबसाइट (कैरियर पृष्ठ) को बार- बार देखें।

(viii) केवल ऑनलाइन के ज़रिए आवेदन जमा करने और चयन हेतु बुलावा पत्र जारी करने से आवेदक को उम्मीदवारी की स्वीकृति का कोई अधिकार नहीं मिल जाता या पात्रता मानदंड को पूरा करने की पावती के रूप में नहीं माना जा सकता है।

(ix) चयनित उम्मीदवारों की नियुक्ति चरित्र और पूर्ववृत्त के सत्यापन और यदि लागू हो तो जाति प्रमाणपत्र के सत्यापन के आधीन होगी।

(x) नियुक्ति के लिए चयनित उम्मीदवारों को सीएसएल द्वारा निर्धारित अस्पतालों में चिकित्सा जांच किया जाना है। ऐसी चिकित्सा जांच की रिपोर्ट की जांच सीएसएल के चिकित्सा अधिकारी द्वारा की जाएगी और उम्मीदवार की नियुक्ति सीएसएल के चिकित्सा अधिकारी द्वारा चिकित्सा स्वस्थता के प्रमाणीकरण के अधीन होगी।

(xi) सीएसएल सरकारी/ सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों में पहले से कार्यरत किसी भी उम्मीदवार के पिछले रोजगार से संबंधित वेतन/ छुट्टी वेतन/ उपदान/ पेंशन योगदान आदि केलिए कोई दायित्व वहन नहीं करेगा।

(xii) सभी पदों के लिए रैंक सूची का रखरखाव किया जाएगा और केवल रैंक सूची की वैधता अवधि के दौरान कोई रिक्ति होने की स्थिति में संचालित किया जाएगा। रैंक सूची की वैधता अवधि परिणाम के प्रकाशन पर शामिल होने की सलाह देने वाले उम्मीदवारों की सूची से अंतिम उम्मीदवार की रिपोर्टिंग की तारीख से 18 महीने तक होगी, जब तक कि उसी पद के लिए एक नई अधिसूचना जारी नहीं की जाती है। जैसा कि ऊपर बताया गया है, रिक्ति को एक नई रिक्ति के रूप में नहीं माना जाएगा।

(xiii) अनुच्छेद क में दर्शाए गए पदों की संख्या वर्तमान आवश्यकता पर आधारित है और भविष्य की आवश्यकताओं के आधार पर अलग होगी और रैंक सूची की वैधता अवधि के दौरान उत्पन्न होने वाली रिक्तियों को सीएसएल के निर्णय पर उस रैंक सूची से भरा जाएगा।

(xiv) उपरोक्त या किन्हीं अन्य शर्तों के बावजूद, सीएसएल अधिसूचित रिक्तियों को न भरने का अधिकार भी रखता है। इसके अलावा, अधिसूचित रिक्तियों को भरना, रैंक सूची में उम्मीदवारों की उपयुक्तता, परियोजनाओं की उपलब्धता और नौकरी की आवश्यकताओं के अधीन होगा। यदि आवश्यक हो तो बिना किसी सूचना के या बिना कोई कारण बताए सीएसएल को भर्ती प्रक्रिया प्रतिबंधित करने / बदलने/ रद्द करने/ संशोधित करने का अधिकार है।

(xv) इस चयन से संबंधित सभी दस्तावेज़ों को परिणाम के प्रकाशन की तारीख से दो साल की अवधि के लिए संरक्षित किया जाएगा।

(xvi) इस वित्रापन से उत्पन्न होने वाले किसी भी दावे या विवाद के संबंध में कोई कानूनी कार्यवाही और/ या उसके जवाब में एक आवेदन और उसके बाद चयन प्रक्रिया केवल एर्णाकुलम के न्यायालयों/ न्यायाधिकरणों/ फॉरम में संस्थापित किया जा सकता है और ऐसे न्यायलयों/ प्राधिकरणों के पास एकमात्र और अनन्य अधिकार क्षेत्र होगा।

(xvii) इस विज्ञापन में कोई संशोधन, सुधार या परिवर्धन केवल सीएसएल वेबसाइट में प्रकाशित किया जाएगा।

(xviii) कोई भी संदेह हेतु, कृपया ई मेल-**career@cochinshipyard.in** द्वारा हमसे संपर्क करें।

**“किसी प्रकार की मतार्थना अयोग्यता मानी जाएगी।”**

**“केवल भारतीय नागरिक ही आवेदन कर सकते है।“**

**ह/-**
**महाप्रबंधक (मानव संसाधन)**